झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 36 / 22 – 103 ,राँची / दिनांक:28 / 11 / 2022

शैक्षणिक वर्ष – 2022 के नर्सिंग पाठ्यक्रमों बी0एससी0 नर्सिंग बेसिक (B.Sc. Nursing Basic) एवं बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट–बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) के द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार से सम्बंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

भारतीय उपचर्या परिषद (Indian Nursing Council), नई दिल्ली के अधिसूचना संख्या– F.No. 1-6/ (LT)-2022-INC दिनांक 21.10.2022 द्वारा शैक्षणिक वर्ष–2022–23 के नर्सिंग पाठ्यक्रमों बी0एससी0 नर्सिंग बेसिक (B.Sc. Nursing Basic) एवं बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट–बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) में नामांकन की अंतिम तिथि 31.10.2022 को दिनांक 31.12.2022 तक विस्तारित की गयी है। दिनांक–31.10.2022 तक नामांकन लेने वाले छात्रों को नियमित बैच माना जाएगा। 1 नवम्बर, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 के बीच तक नामांकित छात्रों को अनियमित बैच माना जाएगा और उनकी कक्षाएं 2 जनवरी, 2023 से शुरू होंगी। उपरोक्त बैचों के लिए अलग–अलग परीक्षा आयोजित की जाएगी। (अधिसूचना पर्षद के वेबसाइट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है)।

2. उपरोक्त के आलोक में एतद् द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों बी0एससी0 नर्सिंग बेसिक (B.Sc. Nursing Basic) एवं बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट–बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic), के नर्सिंग संस्थानों में नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थियों, सम्बंधित अभिभावकों एवं सम्बंधित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि पर्षद द्वारा राजकीय नर्सिंग संस्थान के लिए आयोजित प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरांत रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध नामांकन की अनुशंसा के लिए द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार निम्नानुसार आयोजित की जा रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–10 / नर्सिंग–10–06 / 2015(खण्ड–1)–388(10) दिनांक–11.11.2022 के द्वारा राज्य के निजी नर्सिंग संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों की कुल संख्या पर्षद को उपलब्ध करायी गयी है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्र सं0–10 / नर्सिंग–10 / 06 / 2015 (खण्ड–1)–405(10) के अनुसार निजी नर्सिंग संस्थानों की उपलब्ध सभी रिक्त सीटें अनारक्षित होगी।

3. मेधा–सूची में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक उम्मीदवार उपलब्ध संस्थानों में से अपने लिये संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "All Online Counselling JCECEB-2022" Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों के चयन कर लें। अभ्यर्थियों को संस्थान / संस्थानों का अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

4. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम चक्र साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। **यदि द्वितीय साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।**

Time-schedule for of Online Counseling for B.Sc Nursing (Basic/Post Basic) Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Display of Provisional Seat Matrix	29.11.2022
2.	Online Registration, Uploading of Certificates/ Documents and Choice Filling for seat Allotment	29.11.2022 to 05.12.2022
3.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	08.12.2022 to 15.12.2022
4.	Certificates Documents Verification and Admission in the concerned Nursing Institute	08.12.2022 to 15.12.2022

5. अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में किये गये दावों के अनुरूप वांछित प्रमाण पत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है।

वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

6. पोस्ट बैसिक (B.Sc. Nursing Post Basic) पाठ्यक्रम की सीटों का आवंटन निम्न प्राथमिकता क्रम के अनुसार की जायेगी :–

a. "ए" ग्रेड नर्स के रूप में झारखण्ड सरकार के अधीन सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मी।

b. अनुबंध पर झारखण्ड सरकार के अधीन "ए" ग्रेड नर्स।

c. झारखण्ड राज्य के गैर–सरकारी संस्थान में "ए" ग्रेड नर्स।

अतः बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) के अभ्यर्थी को अपना सेवा प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक